भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †185
सोमवार, 1 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अतुल्य भारत 2.0 पहल

†185. श्रीमती प्रतिमा मण्डल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अतुल्य भारत 2.0 पहल के अंतर्गत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में शुरू किए गए लक्षित प्रचार अभियानों का ब्यौरा क्या है और उनकी प्रभावशीलता का आकलन किस प्रकार किया जा रहा है;

(ख) सरकार द्वारा पारिस्थितिकीय रूप से कमजोर क्षेत्रों में सतत और उत्तरदायी पर्यटन पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए किए गए विशिष्ट नीतिगत हस्तक्षेपों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार भारत को वैश्विक स्तर पर एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी) पर्यटन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में किस प्रकार स्थापित करने की योजना बना रही है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय ने भारत की ओर अधिक से अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बड़े स्रोत और संभावना वाले देशों में सामान्य प्रचार-प्रसार के स्थान पर विषयगत पेशकश संबंधी मौलिक परिवर्तन के साथ अतुल्य भारत 2.0 अभियान शुरु किया है।

(ख) से (ग): पर्यटन मंत्रालय वहनीयता, जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं सहित एक समग्र पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है। मंत्रालय सोशल मीडिया, वेबसाइट और मेलों एवं प्रदर्शनियों में भागीदारी सहित अलग-अलग तरीकों से बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (एमआईसीई) संबंधी पर्यटन गंतव्यों को भी बढ़ावा देता है।

*****